नवोदय विद्यालय समिति
टर्म-2 परीक्षा-2022

विषय:- सामाजिक विज्ञान (कोड-087)
कक्षा:- IX
समय:- 2 घंटे
कुल अंक:-40

**सामान्य निर्देश:-**

i) यह प्रश्न पत्र पांच खंडों- खंड ए, बी, सी, डी और ई में बांटा गया है।

ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

iii) खंड-ए: प्रश्न संख्या 1 से 5 अति लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के 2 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक न हो।

iv) खंड-बी: प्रश्न संख्या 6 से 8 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के 3 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक न हो।

v) खंड-सी: प्रश्न संख्या 9 और 10 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के 5 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक न हो।


vi) खंड-डी: प्रश्न संख्या 11 और 12 स्रोत आधारित प्रश्न हैं।

vii) खंड-ई: प्रश्न संख्या 13 मानचित्र आधारित है, जिसमें दो भागों के साथ 3 अंक हैं, इतिहास से 13.1 (1 अंक) और भूगोल से 13.2 (2 अंक)।

viii) प्रश्न पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। हालांकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का प्रयास करना है।

ix) इसके अलावा, जहां आवश्यक हो, प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

| | |
|---|---|
| **खंड- ए**<br>**(5*2=10)**<br>अति लघु उत्तरीय प्रश्न | |
| प्रश्न-1 | रैडिकलवादी विचारधारा का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए। |
| प्रश्न-2 | जेट धारा क्या होती है? |
| प्रश्न-3 | लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक शर्तें कौनसी हैं? |
| प्रश्न-4 | सामाजिक अपवर्जन से आप क्या समझते हो? एक उदाहरण दीजिए। |
| प्रश्न-5 | कंटीले वनों के वृक्षों की दो विशेषताएँ बताइए। |
| | **खंड- बी**<br>**(3*3=09)**<br>लघु उत्तरीय प्रश्न |
| प्रश्न-6 | निम्नलिखित आरेख का अवलोकन करके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए। |




6.1- कौनसा-से आर्थिक समूह सबसे असुरक्षित है? (1)

6.2- राष्ट्रीय निर्धनता अनुपात औसत कितना है? (1)

6.3- 1990 के दौरान किस समूह के परिवारों को छोड़कर अन्य सभी समूहों में निर्धनता की कमी आई है? (1)

**अथवा**

निम्नलिखित चार्ट को नीचे दिए गए विकल्पों का उपयोग करके पूरा करो।

**( प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना, स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगर योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना )**

| अ. क्र. | लक्षित निर्धनता-निरोधी कार्यक्रम के उद्देश्य | लक्षित निर्धनता-निरोधी कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | इस कार्यक्रम का उद्देश्य सहायता-प्राप्त निर्धन परिवारों को स्वसहायता समूहों में संगठित कर बैंक ऋण और सरकारी सहायिकी के संयोजन द्वारा निर्धनता रेखा से ऊपर लाना है। | -------------- (1) |
| 2 | इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है। | -------------- (1) |
| 3 | इस योजना के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य, प्राथमिक शिक्षा, ग्रामीण आश्रय, ग्रामीण पेयजल और ग्रामीण विद्युतीकरण जैसे मूल सुविधाओं के लिए राज्यों को अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है। | -------------- (1) |

प्रश्न-7 विशेषाधिकार अधिनियम ( इनेबलिंग ऐक्ट ) की विशेषताएँ बताइए।

प्रश्न-8 नीचे चुनाव के अलग अलग चरण दिए गए हैं, उनकी व्याख्या कीजिए।

i) निर्वाचन क्षेत्र

ii) चुनाव अभियान

iii) मतदान और मतगणना

**खंड- सी**

**(5*2=10)**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न-9** क्या भारत की न्यायपालिक स्वतंत्र है? अपने समर्थन में पाँच तर्क दीजिए।

**अथवा**

**नीचे दिए गए चार्ट को सूचनाओं के अनुसार पूरा कीजिए ।**

| अ. क्र . | प्रश्न/सूचना | लोकसभा | राज्यसभा |
|---|---|---|---|
| 1 | लोकसभा/राज्यसभा किसे कहते है? | | |
| 2 | सदस्यों का चुनाव किस प्रकार होता है? | | |
| 3 | वर्तमान कुल सदस्य संख्या | | |
| 4 | कार्यकाल | | |
| 5 | निर्वाचित सदस्यों को कहा जाता है। | | |

**प्रश्न-10** भारत में निर्धनता के प्रमुख कारणों की चर्चा कीजिए।

**अथवा**

भारत में निर्धनता के प्रमुख मापदंड जैसे- निर्धनता रेखा, आय और कैलोरी की मात्र की व्याख्या कीजिए।

## खंड- डी

**(4*2=08)**

स्रोत आधारित

**प्रश्न-11** रविवार 25 फरवरी को सरकार ने ड्यूमा को बर्खास्त कर दिया। सरकार के इस फैसले के खिलाफ राजनीतिज्ञ बयान देने लगे। 26 तारीख को प्रदर्शनकारी बहुत बड़ी संख्या में तट के इलाके में इकट्ठा हो गए। 27 को उन्होंने पुलिस मुख्यालयों पर हमला करके उन्हें तहस-नहस कर दिया। रोटी, तनख्वाह, काम के घंटों में कमी और लोकतांत्रिक अधिकारों के पक्ष में नारे लगते असंख्य लोग सड़कों पर जमा हो गए। सरकार ने स्थिति पर नियंत्रण कायम करने के लिए एक बार फिर घुड़सवार सैनिकों को तैनात कर दिया। लेकिन घुड़सवार सनिकों ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने से इनकार कर दिया। गुस्साए सिपाहियों ने एक रेजीमेंट की बैरक में अपनी ही एक अफसर पर गोली चल दी। तीन दूसरी रेजीमेंटों ने भी बगावत कर दी और हड़ताली मजदूरों के साथ आ मिले। उस शाम को शिपाही और मजदूर एक सोवियत या परिषद का गठन करने के लिए उसी इमारत में जमा हुए जहाँ अब तक ड्यूमा की बैठक हुआ करती थी। यहीं से पेत्रोग्राद सोवियत का जन्म हुआ।

11.1- 'ड्यूमा' क्या है? (1)

11.2- इस घटना को किस क्रांति के नाम से जाना जाता है? (1)

11.3- सोवियत शब्द का अर्थ बताइए। (1)


11.4- प्रदर्शनकारियों की मुख्य माँगे कौन-कौन-सी थी? (1)

**प्रश्न-12** लू, ग्रीष्मकाल का एक प्रभावी लक्षण है। ये धूल भरी गर्म एवं शुष्क पवनें होती हैं। जो की दिन के समय भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में चलती हैं। कभी-कभी ये देर शाम तक जारी रहती हैं। इस हवा का सीधा प्रभाव घातक भी हो सकता है। उत्तरी भारत में मई महीने के दौरान सामान्यतः धूल भरी आँधियाँ आती हैं। ये आँधियाँ अस्थाई रूप से आराम पहुँचाती हैं, क्योंकि ये तापमान को कम कर देती हैं तथा अपने साथ ठंडे समीर और हल्की वर्षा लाती हैं। इस मौसम में कभी-कभी तीव्र हवाओं के साथ गरज वाली मूसलाधार वर्षा भी होती है, इसके साथ प्राय: हिम वृष्टि भी होती हैं। वैशाख के महीने में होने के कारण पश्चिम बंगाल में इसे 'काल वैशाखी' कहा जाता है। ग्रीष्म


| | |
|---|---|
| | ऋतु के अंत में कर्नाटक एवं केरल में प्राय: पूर्व मानसुनी वर्षा होती है। इसके कारण आम जल्दी पक जाते हैं तथा इसे प्राय: 'आम्र वर्षा' भी कहा जाता है।<br>12.1- ग्रीष्म ऋतु के बाद भारत में कौनसे ऋतु की शुरुआत होती है? (1)<br>12.2- 'आम्र वर्षा' सामान्यत: कौन-से महीने में होती है?<br>(1)<br>12.3- धूल भरी आँधियाँ सामान्यत: घातक होती है, परंतु उत्तर भारत में मई महीने में आने वाली आँधियाँ राहत भरी होती है। यह कहने की पीछे क्या तर्क है? (2) |
| **खंड- इ**<br>**(3*1=3)**<br>मानचित्र पर आधारित प्रश्न | |
| प्रश्न-13 | 13.1 दिए गए विश्व के राजनीतिक मानचित्र पर 'ए' के रूप ( में चिह्नित देश की पहचान करें।<br>निम्नलिखित जानकारी की सहायता से लाइन पर उसका सही नाम लिखिए<br>(ए) वह देश जिस पर जर्मनी (नात्सी सत्ता) ने कब्जा किया था। (1)<br>13.2 दिए गए भारत के राजनीतिक मानचित्र पर, निम्नलिखित स्थानों को दर्शाएँ:<br>(I) महानदी<br>(1)<br>**अथवा**<br>पुलिकट झील<br>(II) सरिस्का वन्य प्राणी अभयवन<br>(1) |

--------------------------------यहाँ से काटकर अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें।---------------------------

प्रश्न-13.1




प्रश्न-13.2 (I) और (II)




**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल प्रश्न संख्या 13.1 के स्थान पर दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए है ।**

**1**3.1 यूरोप के किसी एक देश का नाम बताइए जिस पर नात्सी सत्ता ने कब्जा किया था। (1)

**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल प्रश्न संख्या 13.2 के स्थान पर दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए हैं।**

**कोई भी दो प्रश्न हल करें।**

13.2 उस मुख्य राज्य का नाम बताइए जहां महानदी स्थित है (1)

13.3 उस राज्य का नाम बताइए जहां पुलिकित झील स्थित है। (1)

13.4 उस राज्य का नाम बताइए जहां सरिस्का वन्यजीव अभयारण्य स्थित है। (1)

----------------------------------------*********---------------------------------